सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र
विशेषांक

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

साधिकार प्रकाशित

Published by Authority

आश्विन 01, मंगलवार, *शाके* 1947- सितम्बर 23, 2025
Asvina 01, Tuesday, Saka 1947- September 23, 2025

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 01, 2025

संख्या प.10(न.पा.)(गठन)(चुनाव)डीएलबी/25/16141:-राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर दौसा द्वारा स्थानीय निकाय नगर परिषद लालसोट हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव ।

<u>नगर परिषद लालसोट सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष-2025</u>

वार्ड सं.	विवरण	जनसंख्यां
1	घनश्याम कट्टा के मकान से कुडो की गली में होते हुये पहाड की ओर चलते हुये रामेश्वर लाठीवाले के मकान को दाये छोडते हुये गली गली सीधे सहेली जोशी के मकान को लेते हुये पश्चिम की ओर पहाड की सरहद सरहद चलते हुये सोनी देवी के मकान तक बायी आबादी, वहां से वापिस मुडकर पहाड को सरहद सरहद लटूर गुर्जर के मकान को शामिल करते हुये भोम्याजी के मन्दिर के नीचे शिव कुमार सावित्री के मकानों को शामिल करते हुये बाई आबादी। खोहरे में उतरकर दक्षिण दाये चलते हुये नाथू खुम्हार के मकान तक। वहां से खोहरे खोहरे दक्षिण चलते हुये महेन्द्र जांगिड के मकान तक का भाग। वहां से उत्तर की ओर नेहरू निवास मकान को शामिल करते हुये राकेश जोशी तक बायी आबादी। वहा से बाये घूम पश्चिम की ओर चलकर	972

	गणेश मन्दिर को शामिल कर लक्ष्मीनाथ जी के मन्दिर को दाये छोडकर वहां से प्रकाश खाती के मकान से दायें उत्तर की ओर मुडकर मोदीयों के मकान को बाये शामिल करते हुये कट्टा के मकान तक समस्त बायी आबादी।	
2	खोहरा पाडा जोहरीलाल बैरवा के मकान से भौम्या जी की और चलते हुये पहाड की सरहद समस्त बैरवान आबादी को लेते हुये चन्द्रेश्वर जी के मन्दिर के सामने पहाड की तलहटी में बसी समस्त बायी आबादी। वहां से उतरकर चन्द्रेश्वर जी के मन्दिर के बाये शामिल करते हुये चांदसेन सीमा लाल क्लब के उपर की बस्ती को बायीं और शामिल करते हुये लाल क्लब के उत्तर पश्चिम कोने से पूर्व की ओर आते हुये लाल क्लब के दोनों मुख्य द्वारों को शामिल करते हुये उत्तर की ओर आगे चलते हुये सोनू हरिजन को दायें छोडते हुये बाबूलाल राणा के घर को शामिल कर दायीं तरफ पूर्व की ओर घुमकर सीधे तकीया बाउन्ड्री से बायें घुमकर उत्तर की ओर आगे चलकर तकीया बाउन्ड्री के कोर्नर से दाये घुमते हुये पावर हाउस की बाउन्ड्री को दाये छोडकर बायें घुमकर उत्तर की ओर खोहरा पाडा स्कूल को बाये शामिल करते हुये सीधे खोहरा खोहरा जोहरीलाल तक की समस्त बायीं आबादी।	1104
3	पावर हाउस बाउन्ड्री की उत्तर पूर्व कोने से चलकर कोथून रोड को क्रोस करते हुये शमशान घाट कब्रिस्तान को दाये शामिल कर दक्षिण की ओर चलकर रामनगर चोराहे तक वहां से पश्चिम की ओर चलकर दाये घुमकर समस्त दायी आबादी को शामिल करते हुये मदन योगी जी की दुकान तक, कोथून रोड पर चढकर बाये घुमकर ईदगाह मस्जिद से दाये उत्तर पूर्वी कोने से दाये पश्चिम उतर कर सीधे चांदसेन की सीमा से दाये चलते हुये उत्तर की तरफ घुसकर हरिजन शमशानघाट, पटवा शमशानघाट को शामिल करते हुये समस्त दायी बायी आबादी को शामिल कर वहा से लाल क्लब बाउन्ड्री पर पहुचकर लाल क्लब को बाये छोडते हुये सीधे आगे चलकर सोनू हरिजन के मकान को दायें शामिल करते हुये दाये घुमकर तकीया को शामिल कर पावर हाउस के उत्तर पूर्वी कोने तक की समस्त दायी आबादी।	1129
4	ईदगाह से कोथून रोड पर दक्षिण की ओर चलते हुये आलुदिया भवनों को दाये लेते हुये जमात चोराये तक की समस्त दायी आबादी एवं चैराये से पश्चिम की तरफ निर्झरना श्यामपुरा रोड पर पहुचकर लालसोट पालिका की सीमा सीमा तक की दायी आबादी को लेते हुये कृपा सागर बालाजी से उत्तर घुमकर दायी आबादी को लेते हुये चांदसेन सीमा को छोडकर मूलचन्द बडकन से ईदगाह मस्जिद को जाने वाली गली में होकर कोथून रोड ईदगाह मस्जिद	1184

	तक की समस्त दायीं आबादी।	
5	कोथून रोड जमात चौराहे से देवादास स्वामी की दुकान (होटल) दक्षिण की ओर चलकर बाये हाथ की आबादी को शामिल करते हुये बिहारीलाल, राधेश्याम शर्मा के मकान तक वहां से बाये पूर्व की और चलकर दिवान की कोठी रोड तक। वहां से बाये पूर्व मूडकर डामर रोड चलकर जाल वाले बाबा को दाये छोडकर सीधे जगदीश जी पटेल के मकान तक की बायी आबादी यहा से नाले में उतरकर उत्तर की ओर चलते चलते गौरव पथ पर चलकर पश्चिम में बाये घुमकर देवादास स्वामी की दुकान (होटल) तक की समस्त बायी आबादी शामिल हैं।	1139
6	कोथून रोड पर राधेश्याम शर्मा के बाऐ छोडकर हरशिंकर शर्मा के मकान को शामिल करते हुये पूर्व कि ओर चलकर दायी आबादी को शामिल करते हुये दिवान की कोठी रोड तक यहां से उत्तर की ओर घुमकर दायी आबादी को शामिल करते हुये जाल बाबा तक, वहां से पूर्व की ओर चलते हुये दायी आबादी को शामिल करते हुये जगदीश पटेल तक कि दायी अबादी यहां से नाले में उतरकर दायी ओर दक्षिण में रास्ते रास्ते सीधे बिहारीपुरा रोड तक की समस्त दायी आबादी रोड पर चढकर दाये पश्चिम घुमकर दाये लोटन की ढाणी को शामिल करते हुये भगोतपुरा तलाई चौराया तक देवली रोड में दायें उत्तर घुम सीधे समस्त दायी आबादी को शामिल करते हुये कोथून रोड पर चढकर हरिशंकर शर्मा के मकान तक।	1105
7	मदन योगी की दुकानों से दक्षिण में कोथून रोड पर चलते हुये शम्भू यादव की दुकान के नुक्कड से बायें की ओर घुमकर आगे चलकर पुरूषोतम स्वामी के मकान से उत्तर की तरफ घुमकर बाबू खां के मकान से पूर्व में घुसकर बस स्टेण्ड को शामिल करते हुये उत्तर की तरफ चलकर न्यू बस स्टेण्ड की तरफ सीधे चलते हुये रामनगर चोराहे पर जगदीश पटेल की दुकान से बाये पश्चिम घुसकर सीधे कोथून रोड पर मदन योगी की दुकान तक की समस्त बायी आबादी।	1129
8	कोथून रोड पर स्थित सुभाष जी भीवाल के मकान को शामिल कर दक्षिण दिशा की और चलकर दिनेश जी जोशी बीडी वाले के मकान तक। दिनेश जी जोशी बीडी वाले के मकान के सामने बायी ओर मुडकर दायी ओर के भाग को शामिल कर पूर्व की और चलकर खटवा रोड पर स्थित रामेश्वर जी वैद्य के मकान दुकान तक। खटवा रोड पर रामेश्वर जी वैद्य के मकान दुकान से दायी ओर मुडकर दक्षिण दिशा की ओर खटवा रोड पर चलते हुये सम्पूर्ण	1049

	कुलदीप नगर को शामिल कर कुलदीप नगर के दक्षिणी भाग से दायी ओर मुडकर पश्चिम दिशा की ओर चलकर दायी ओर के भाग को शामिल कर दुर्गा नगर को शामिल कर दायी ओर मुडकर उत्तर दिशा की ओर चलकर श्याम सरोवर मैरिज गार्डन के सामने तक श्याम सरोवर मैरिज गार्डन से बायी ओर मुडकर पश्चिम दिशा की ओर चलकर न्यू बस स्टेण्ड तक (मिया जी लाईट वाले के मकान के सामने तक) न्यू बस स्टेण्ड रोड पर से दायी ओर मुडकर उत्तर दिशा की ओर चलकर दायी ओर के भाग को शामिल कर डीडवाने वाले की आईस मील को लेते हुये चन्द्रभान जी वकील के दुकानों को लेते हुये कोथून सडक पर स्थित सत्यनारायण वैद्य के मकान तक। सत्यनारायण वैद्य के मकान से दायी और मुडकर पूर्व की और चलकर दायी ओर के भाग को शामिल कर रेस्ट हाउस को शामिल कोथून रोड पर स्थित सुभाष जी भीवाल के मकान तक का सम्पूर्ण दायी ओर का भाग शामिल हैं।	
9	खटवा रोड पर स्थित कुलदीप नगर को छोडकर पश्चिम दिशा की और चलकर बाई और के भाग को शामिल करते हुये दाई और स्थित दुर्गा नगर को छोडकर श्याम सरोवर मैरिज गार्डन के सामने तक, श्याम सरोवर मैरिज गार्डन के सामने से बाई और मुडकर पश्चिम की और चलकर मियां जी लाईट वाले (न्यू बस स्टेण्ड रोड पर) के मकान के सामने तक बस स्टेण्ड रोड पर आकर वहां से बायें दक्षिण में जनक व माधों माली के बायें होते हुये बस स्टेण्ड को क्रोस कर दायें घूमकर बाबू खां के मकान से दक्षिण चलकर पुरूषोतम स्वामी के मकान को दायें छोडकर पश्चिम में चलकर कोथून रोड शम्भू यादव की दुकान से दायें छोडकर कोथून रोड पर बायें घूमकर जमात चैराहे पर आकर दयाराम स्वामी की दुकान से बायें घुमकर पूर्व की ओर गौरव पथ पर सीधे चलते हुये दादू पैलेस चैराहे पर बायें उत्तर घुमकर चलते चलते कबीर कोलोनी एवं साधक कोलोनी को बायें शामिल करते हुये कुलदीप नगर को छोडकर समस्त बायी आबादी शामिल है।	1028
10	हरीशंकर तिवाडी की हवेली तहसील के सामने से दक्षिण की ओर चलते हुये हीरालाल महावर तक की समस्त बायी आबादी, पूर्व की ओर मूडकर बाबूलाल पुत्र भैरू महावर के नुक्कड तक से उत्तर में घुमते हुये माताजी के मन्दिर को दायें छोडते हुये हुकमा कोली तारा कोली को बाये शामिल करते हुये वहां से जामा मस्जिद की ओर दाये घुम नानगराम हजारी कोली को दाये छोडते हुये एवं साई के मकान तक की समस्त बायी आबादी, साई की मकान से उत्तर की तरफ घुसकर गोपीनाथ जी के मन्दिर को बाये शामिल करते हुये कैलाश	898

	साहू के मकान की गली से मुडकर पूर्व की तरफ चलते हुये चौथमल साहू के मकान को शामिल कर आशीष मुनीम के मकान तक, आशीष मुनीम के मकान से बाई और मुडकर उत्तर दिशा की और चलकर बाई और की आबादी को लेकर हनुमान सोनी के मकान को लेकर तहसील रोड पर स्थित असफाक वकील के मकान तक, असफाक वकील के मकान से बाई और मुडकर तहसील रोड पर पश्चिम दिशा की और चलकर बाई और की अबादी को शामिल करते हुये अशोक कालुवास की दुकान को लेकर ओमप्रकाश चौधरी के मकान को लेकर हरशिंकर तिवारी की हवेली तक की समस्त बाई और की आबादी	
11	पोस्ट ऑफिस से उत्तर की तरफ चलते चलते दायी आबादी को छोडते हुये लुहारू मस्जिद तक की समस्त बायी आबादी को शामिल कर लुहारू मस्जिद से बाये घुमकर गली में पूर्व की ओर चलकर इन्द्रा पब्लिक स्कूल को बाये शामिल कर प्रभाती लाल के मकान तक वहां से गली में घुसकर दक्षिण की तरफ चलकर कैलाश साहू के मकान को छोडकर बायी आबादी, पूनीराम धोबी तक वहा से पश्चिम की तरफ मुडकर साई के मकान को दायी तरफ छोडकर सीधा नानगराम हजारी कोली के मकान तक की गली में बाये घुसकर माता के पास होते हुये दाये घुमते हुये जोशी जी के कुअें तक की समस्त बायी आबादी। जोशी जी के कुअें से दक्षिण की तरफ रोड रोड चलकर अग्रवाल धर्मशाला को बायें शामिल करते हुये वेद्य के मकान तक की समस्त बायी आबादी। वेद्य के मकान से कोथून रोड पर चढकर पूर्व की ओर चलकर बायी आबादी को शामिल करते हुये पोस्ट ऑफिस तक	1059
12	लुहारों की मस्जिद के सामने स्थित राजकुमार साहू के मकान को शामिल कर उत्तर की और लुहारू बाजार रोड पर चलकर बाई और की आबादी को शामिल कर जाकीर मुल्ला जी की दुकान को लेकर झरण्डा चौक होते हुये प्रेम जोशी के मकान को शामिल कर एमबी टैकसटाईल्स वालो की दुकान को शामिल कर माणक जी वाली गली तक माणक जी वाली गली से बाई और मुडकर पश्चिम दिशा में चलकर सत्यनारायण हट्टीका के मकान को शामिल कर श्रीराम पुरोहित के मकान तक श्रीराम पुरोहित के मकान से बाई और दक्षिण दिशा की और चलकर चन्द्रशेखर सोनी के मकान को लेकर मदन पेन्टर की दुकान तक मदन पेन्टर की दुकान से बाई और पूर्व की और चलकर सीताराम पारीक की दुकान के सामने से दक्षिण दिशा की और चलकर रसीद काजी के मकान को लेकर सीधे दक्षिण की और चलकर अजीज के मकान को लेकर	904

	फिरोज दर्जी के मकान को लेकर मूलचन्द मिरोठा के मकान को लेते हुये राजकुमार साहू के मकान तक समस्त बाई और की आबादी शामिल हैं	
13	झरण्डा चौक पर जुगनू पान भण्डार से सीधे पूर्व की ओर चलते हुए मण्डी सर्किल तक की बायीं आबादी । मण्डी सर्किल से अशोक स्टेच्यू तक समस्त बायी आबादी । स्टेच्यू सर्किल से सीधे उत्तर की ओर दौसा रोड चलते हुए बस स्टेण्ड व पुराने बस स्टेण्ड को शामिल करते हुए कल्याण तम्बोली की दुकान तक समस्त बायी आबादी । कल्याण तम्बोली की दुकान से पश्चिम मुडकर आजाद चौक होते हुए बौंली बाजार में पुरानी सब्जी मण्डी में प्रवेश कर दक्षिण-पश्चिम चलते हुए रामप्यारी देवी लाम्बा पाडा स्कूल को बायें शामिल करते हुए नाटाणियों के मकान तक समस्त बायी आबादी । वहां से पश्चिम की ओर चलते हुए घनश्याम ब्राह्मण के मकान को बायें शामिल करते हुए सदर बाजार में गंदोड़ी की दुकान तक बायी आबादी। वहां से पश्चिम की ओर चलते हुए घनश्याम ब्राह्मण के मकान को बाये शामिल करते हुए सदर बाजार में गंदोडी की दुकान तक बायी आबादी । वहां से दक्षिण चलते हुए जुगनू पान भण्डार तक की समस्त बायी आबादी	835
14	झरण्डा गोविन्द गोयल की दुकान से लुहारू बाजार पश्चिम में चलते हुये गिर्राज साहू तक की समस्त बायी आबादी को लेते हुये कोथून रोड पर चलते हुये पूर्व की ओर पूर्व में चलकर पुरूषोतम जोशी की दुकान का शामिल करते हुये देवी जी के मन्दिर को छोडते हुये एवं रामकृष्ण सत्संग मन्दिर को शामिल करते हुये गणगौर बुर्ज पर आकर दायें घुमकर सीधे खन्दक में उत्तर की तरफ मुडकर विद्या पीठ स्कूल के नुक्कड से पूर्व की ओर चलकर पुरानी अनाज मंण्डी में चलकर बाये घुमकर बायी आबादी को शामिल कर विनोद साहू की दुकान से पश्चिम में घुमकर हॉस्पिटल को बाये शामिल कर झरण्डा चैक तक गोविन्द गोयल की दुकान तक समस्त बायी आबादी	819
15	पाटनी पेट्रोल पम्प से कोथून रोड पर पश्चिम की और चलकर पंचायत समिति को शामिल कर रामजीलाल पुरा के मकान को शामिल कर रामजीलाल पुरा के मकान से बाई तरफ मुडकर दक्षिण दिशा की और चलकर बोहरा वाले के मकान तक पंचायत समिति के पश्चिम दक्षिण कोने से पूर्व की और चलकर खटवा रोड पर स्थित (पंचायत समिति की दुकाने तक) राकेश जैन के मकान को छोडकर प्रथम चैराहे के क्रोस कर आगे चलकर बाये हाथ की गली में कल्लावास वालों के मकान की तरफ घुम कर आगे नुक्कड सोनी के प्लाट के कॉर्नर से बाये चलकर उत्तर की तरफ चोराहे पर से पूर्व की और	988

	घूम कर समस्त बायी ओर (डॉ. छीपा के मेडिकल) से दक्षिण घुम कर प्रेम चैधरी के मकान तक से पूर्व की ओर समस्त बायी आबादी को शामिल कर गली में पूर्व की तरफ चलकर सत्यनारायण पंसारी तक से दाये घुमकर बायी आबादी को शामिल कर किशन पंसारी के मकान के उत्तरी कोर्नर से नाले के पास चलकर आगे प्रकाश पान वाले एवं मिश्राओं के मकानों को दाये छोडकर खाटू श्याम मन्दिर के पास होकर सवाई माधोपुर रोड पर चढकर उत्तर की तरफ घूम कर पाटनी पेट्रोल पम्प की समस्त बायी आबादी।	
16	लक्ष्मी गार्डन के कोने से पूर्व में चलकर आगे नवजीवन हॉस्पिटल के सामने से बायें हाथ की आबादी को लेकर गंगापुर रोड पर चढकर उत्तर में दोसा रोड तक खाटू श्याम मन्दिर को दायें छोडते हुये आगे नाले के पास से दायें घूमकर किसन पंसारी के मकान के कोर्नर तक चलकर बायें घुमकर समस्त बायीं आबादी को लेते हुये पश्चिम की तरफ चलकर आगे मिश्राओं के, वेघ के मकानों को बाये शामिल कर एवं प्रेम प्रकाश चैधरी के मकान को दाये छोडकर घुमकर उत्तर की तरफ डॉ. छीपा को दांये छोडकर बाये मुडकर पश्चिम की ओर कजोड डास के मकान से घुमकर बाबूलाल माली के मकान से बायें घुमकर प्रताप माली के मकान को बायें छोडकर दक्षिण की तरफ चलकर बायें हाथ की आबादी को शामिल कर दायें हाथ की तरफ कैलाश नाटाणी के मकान को शामिल कर गली में चलकर जगदीश घडी वालें के मकान तक की समस्त बायी आबादी एवं घडी वाले से खटवा रोड पर दक्षिण की तरफ चलते हुये लक्ष्मी गार्डन तक की समस्त बायी आबादी।	835
17	खटवा रोड पर लक्ष्मी गार्डन के सामने कोने पर रामबाबू बडाया के अर्दनिर्मित दुकान से खटवा रोड पर दक्षिण की तरफ चलते चलते कोली की कोठी चोराहे से बाये पूर्व घुमकर कृषि मंण्डी की पश्चिम बाउन्ड्री के कोने से रामेश्वरम धाम को शामिल करते हुये पिछे ग्रेवल रोड, डामर रोड, सीसी पर चलकर हट्टीकाओं की ढाणी को शामिल करते हुये कैलाश नाटाणी के मकान से दायें घूमकर डामर रोड से चलते चलते आगे बायें घूमकर निरन्जन शर्मा बिचपुडी वालें के मकान तक बायीं आबादी को शामिल करते हुये नवजीवन रोड पर आकर दायें उत्तर चलते चलते समस्त बायी आबादी को शामिल करते हुये नवजीवन हॉस्पिटल तक व नवजीवन हॉस्पिटल से मुडकर पश्चिम में चलते हुये आन्धा का कुआ को बाये शामिल करते हुये खटवा रोड रामबाबू बडाया के अर्दनिर्मित मकान/दुकान तक की समस्त बायी आबादी	1073
18	गौरव पथ दयाल पैराडाईस के सामने पुलिया से दक्षिण की तरफ चलकर	930

	बाछुका दुर्गा माली एवं दिल्लीवालों की ढाणी को बाये शामिल करते हुये बिहारीपुरा रोड पर चलकर पूर्व (बायें) आगे चलकर नांगल की सीमा को छोडकर बगरू बाबा रोड पर आकर उत्तर की और चलकर बाई तरफ सीताराम शर्मा, बीरबल माली, बालाजी की ढाणी को शामिल कर बगरू वाले बाबा रोड की बाई तरफ की सम्पूर्ण आबादी को लेते हुये चलकर सीधे रास्ते रास्ते में बायें हाथ गोविन्द बोहरा के खेत के पास रोड के पास वाली गोपी मण्डावराओ की ढाणी को बायें शामिल कर रास्ते रास्ते दारू के ठेके को बायें शामिल कर गौरव पथ पर चढकर बायें मुड पश्चिम में चलकर बनास्या की ढाणी को शामिल कर रोड रोड दयाल पैराडाईस की समस्त बायी आबादी।	
19	गौरव पथ दादू पैलेस के सामने कच्चे रोड पर चलकर दक्षिण की तरफ दारू की दुकान को दायें छोडकर बगरूवाला बाबा के रास्ते रास्ते की सम्पूर्ण बाई तरफ की आबादी को शामिल करते हुये बगरू बाबा तक। बगरू बाबा से पूर्व चलकर खटवा रोड पर आकर बायें तरफ लालसोट की तरफ आकर सामुदायिक भवन सिंगल पाईन्ट तक पहुचकर दायी तरफ पूर्व में घुमकर रोड रोड सीधे चलकर खारला की ढाणी को बायें शामिल कर गौरव पथ पर आकर बायें पश्चिम में घुमकर दादू पेलेस के सामने रोड तक की समस्त बांयी आबादी।	1154
20	राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय से सवाई माधोपुर रोड पर दक्षिण की और चलकर दोनों तरफ की आबादी लेते हुये चोथमल जी मास्टर के मकान से लालसोट नगर की सीमा सीमा चलते हुये बिहारीपुरा रोड पर पहुचकर भक्तों की ढाणी, बैरवा की ढाणी, मन्दिर वाली को शामिल कर वापस शम्भू बैरवा की ढाणी को शामिल कर लालसोट की तरफ चलकर गणेश वाटिका को शामिल कर नाथू माली कल्यावाला के मकान को दाये शामिल कर पथ पथ पानी वाले रास्ते चलकर बालाजी मन्दिर को बाये छोडते हुये रामनाथ महावर के मकान को छोडते हुये दाये चलकर रामखिलाडी मीना के मकान को बायें छोडते हुये लल्लू जी सैनी बक्शा वाले की दुकान को बायें छोडकर सवाई माधोपुर रोड पर दक्षिण घुमकर सवाई माधोपुर रोड चलते चलते अपेल स्कूल को शामिल कर समस्त दायी हाथ की आबादी में राजोली सीमा को छोडकर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तक दायी शेष आबादी को शामिल।	1106
21	सवाई माधोपुर रोड से श्याम जी पुरोहित की होटल गोरव पथ की तरफ पश्चिम दिशा में चलते हुये बायी आबादी को शामिल कर नन्दू प्रहलादपुरा के मकान को बाये शामिल कर रोड रोड चलते हुये खारला ढाणी को दाये छोडते	1092

	हुये केमला की तलाई तक बायी आबादी को लेते हुये सामुदायिक भवन सिंगल एकल पाईन्ट तक चलकर बाये हाथ खटवा रोड पर घुमकर नगर की सीमा सीमा चलते हुये शम्भू बैरवा की ढाणी, गणेश वाटिका, नाथू माली कल्यावास वाले को दाये छोडते हुये पथ पथ आने वाले रास्ते में चलते बालाजी तक समस्त बायी आबादी, बालाजी मन्दिर से सीधे रामनाथ महावर के मकान को बायें शामिल करते हुये रामखिलाडी के मकान को बाये शामिल करते हुये भट्ट कोलोनी एवं सुकारीयां कोलोनी को शामिल करते हुये सवाई माधोपुर रोड पर लल्लू सैनी बक्सा वाले की दुकान की बायी आबादी को शामिल करते हुये सवाई माधोपुर रोड उत्तर दिशा में चलते हुये नगर परिषद सीमा की दोनो तरफ की कोलीयान आबादी को शामिल करते हुये श्याम पुरोहित की होटल तक की समस्त बायी आबादी।	
22	सवाई माधापुर रोड पर जमात बाईपास पर कैलाश जी पुरोहित की दुकान के कोने से उत्तर की ओर रोड रोड चलते हुये कस्बे की और चलते हुये कृषि उपज मंण्डी समिति पांचूराम जमादार की दुकान को बायें शामिल करते हुये पांखला बगीची के कोने तक की बायी आबादी। वहां से बाग के पीछे होते हुए हरिशंकर मिश्रा के मकान को दायें छोडते हुये नवजीवन हॉस्पिटल को दायें छोडते हुये रोड रोड दक्षिण में चलते हुये भजन लाल सैनी के टावर के आगे डामर रोड से बाये घूम पूर्व की ओर डामर रोड चलते चलते उत्तर की ओर कैलाश नाटाणी के मकान तक समस्त बायीं आबादी वहा से डामर रोड चढकर हट्टिकाओं को दायें छोडते हुये रोड रोड कृषि उपज मंण्डी समिति की परिसर की पश्चिमी दीवार से गौरव पथ पर आकर बायें पूर्व घूमकर चलते हुये रामबिलास जी सरंपच को शामिल करते हुये सवाई माधोपुर रोड पर चंढकर कैलाश जी पुरोहित की दुकान तक की समस्त बायी आबादी।	1011
23	गंगापुर रोड पर स्थित शर्मा पेट्रोल पम्प के पास पत्थर की स्टॉल से दक्षिण चलते लाल कोठी व प्रहलाद पुरोहित के मकान तक बायीं आबादी। वहां से गंगापुर रोड चलते हुए रामकरण जी जोशी के खेत से पहले कस्बे की सीमा तक की आबादी। वहां से चलकर कोराका की झुपडिया की आबादी को शामिल करते हुए नगर की सीमा सीमा कल्या वाली ढाणी के सामने वाले रास्ते से पश्चिम चलते हुये पत्थर की स्टाक तक की समस्त बायीं आबादी।	1024
24	नेहरू गार्डन के सामने गंगापुर रोड से रामसहाय, रामलाल माली के मकान से गंगापुर रोड चलकर नसिया जी को बायें लेते हुये चलते चलते बैंक ऑफ बडौदा तक चलकर आगे रास्ते में पूर्व की ओर चलकर श्याम नगर कोलोनी	1046

	को बायें शामिल कर सीधे चलकर महारिया वालों को शामिल कर भोम्या जी के स्थान तक से बायें घूम कर सीधे चलकर बायी आबादी को लेते हुये रोड रोड चलकर मोहनलाल पीटीआई को शामिल कर अनुश्री कोलेज की गली को शामिल कर समस्त बायी आबादी लेते हुये कैलाश माली के मकान तक पहुचकर बाये घुम (दक्षिण) कर दाये हाथ पर अश्वनि पब्लिक स्कूल पहुचकर बगल से कच्चे रास्ते पश्चिम में चलकर अशोक जैन के मकान तक आगे चलकर आगे रमेश पारीके के मकान के पीछे समस्त बाई आबादी लेकर गली में पश्चिम पहुचकर आगे मोहन शर्मा बिचपुरी वाले के मकान को दाये छोड आगे चलकर चलते चलते बाये हाथ पर नसिया जी के पिछे गेट को शामिल कर रामसहाय रामलाल माली के मकान तक गंगापर रोड पर पहुचकर समस्त बायी आबादी।	
25	राजकीय उच्च प्राथमिक शाला बेडा की ढाणी से दक्षिण चलकर बाये हाथ की आबादी को लेकर दायें हाथ पर पहली गली के नुक्कड पर मोहन गुप्ता की दुकान से पश्चिम (दाये) घुमकर चलते चलते बाये हाथ की आबादी को लेते हुये सत्यनारायण सैन के मकान को दायें छोड (दाये) घुमकर आगे चलकर बाये हाथ घुमकर ग्लोबल स्कूल के मकान को बाये लेते हुये बाये घुमकर दक्षिण घुमकर चलते हुये ज्योतिबा फूले बाउन्ड्री कोर्नर तक से बाये घुम - दाये घुमकर श्योराम माली पूर्व पार्षद के मकान को शामिल कर महेश शर्मा बिचपरी वाले के मकान तक चलकर बाये पूर्व घुमकर समस्त बायी आबादी। गली में आगे चलकर रमेश पारीक के मकान के पीछे से नुक्कड से दाये घुमकर दीपक जांगिड के मकान को बाये लेते हुये रोहित शर्मा के मकान तक पहुचकर कच्चे रास्ते सीधे चलकर अश्वनी स्कूल पहुचकर मोहनलाल शर्मा सुकार के घर से बाये उत्तर चलकर कैलाश माली के मकान तक चलकर समस्त बायीं आबादी, दाये पूर्व घुमकर मोहन पीटीआई के मकान के सामने से रामजीलाल सैनी के मकान के पास रोड से उत्तर (बाये) घुमकर समस्त बायी आबादी को लेते हुये सिंगल पाईन्ट की बायी आबादी को शामिल करते हुये बालाजी को दाये छोडकर आगे चलकर राजेश बडाया की दुकान को दाये छोडकर बगल से बाई तरफ कच्चे रास्ते चलकर ग्रेवल सडक रोड पर चलकर बाये घुमकर ग्रेवल रोड चलते चलते बनजारों को दाये छोडकर राजकीय उच्च प्राथमिक शाला चलकर समस्त बायी आबादी।	980
26	पपलाज माता रोड पर बड के चैराया चोपटा से दक्षिण घुमकर चलते चलते बाये कुडी वालो की ढाणी को लेते हुये बासखोल नाले तक की समस्त बाई	842

	आबादी। नाले से बाये पूर्व घुमकर बासखोल नाले से दाये (दक्षिण) घुमकर चलते चलते बावला का कुआ टाटी वाला डॉ. रामफूल तक की समस्त बायी अबादी को लेकर नगर की सीमा सीमा चलते रेलवे तक से बाये (उत्तर) घुमकर आगे चलकर पंचायत की सीमा छोडकर (बाये) पश्चिम घुमकर बासखोल बासखोल चलते बाये लिवाली वालों को लेकर बायी आबादी। पंचायत सीमा को छोडकर चलते चलते गंगाधर सैनी बावली वाले के मकान से दाये (उत्तर) घुमकर नगर की सीमा सीमा तलाब की ढाणी को शामिल कर पपलाज माता रोड पर उत्तर बाये (पश्चिम) घुमकर सीधे बड के चैराहे तक की समस्त बायी आबादी पंचायत सीमा छोडकर।	
27	बेडा की ढाणी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय से पूर्व में ग्रेवल रोड चलकर ग्रेवल रोड से दाये कच्चे रास्ते में (दाये) चलकर बेढा की ढाणी को दाये छोड बाये हाथ पर राजेश बडाया की दुकान से रोड क्रोस कर बालाजी को बाये शामिल कर समस्त बायी आबादी। बालाजी से दक्षिण चलकर मोहन पीटीआई के सामने जाकर रामजीलाल सैनी तक रोड पर जाकर समस्त बायी आबादी बायें घुमकर बडी गुवाडी में से लल्लू टाटा की तरफ चलते सीमा सीमा लेते हुये बालमाला की ढाणी चलते हुये पंचायत सीमा सीमा को छोडकर बाये घुमते हुये उत्तर की तरफ चलकर पंचायत सीमा पालवाली ढाणी को छोडते हुये सीमा सीमा चलकर पैराडाइज स्कूल पर आकर बासखोल नाले पर आकर बाये घुमते हुये पश्चिम की तरफ घुमकर दिल्ली वालों की ढाणी हरीशंकर तिराये को बाये लेते हुये अमावरा वालो की ढाणी को शामिल कर आगे चलकर बणजारा नटो की ढाणी की समस्त बायी आबादी लेकर दायी ओर रावं का कुआ रोड पुलिया पर चढकर बायें पण्डों की गली में दोनों तरफ की आबादी को शामिल करते हुये गब्बू बैरवा के मकान को दाये छोडकर बायें घूमकर बासखोल नाले पर आकर रोड क्रोस कर बेड्डा की ढाणी, राजकीय प्राथमिक स्कूल तक की समस्त बायी आबादी।	819
28	बडाया धर्मशाला से पूर्व की ओर चलकर आगे जयनायण मीणा तक की समस्त दायी आबादी। वहां से दाये (दक्षिण) घुमकर महावीर गोयल के मकान तक की दायी आबादी, वहां से दाये पश्चिम घुमकर सीधे सत्यनारायण नापित के मकान तक की दायी आबादी, वहा से दांये घुमकर ब्रजमोहन, हनुमान जोशी के मकान तक चलकर बांये घुमकर ग्लोबल स्कूल के कोने तक वहां से बांये (दक्षिण) घुमकर ओमप्रकाश माली की बाउन्ड्री के मकान तक से दाये घुमकर मेन गंगापुर रोड पर आकर दायें पाटनी के प्लॉट से दाये घुमकर	888

	गोदाम तक चलकर रोड क्रोस कर ज्योतिबा फूले की मूर्ति को बायें छोड कोथून रोड पर सीधे पश्चिम की ओर चलकर प्याऊ को दायें शामिल कर देवी जी के मन्दिर तक चलकर स्कूल की बाउन्ड्री बाउन्ड्री चलते हुये गणगौरी बुर्ज पर आकर बुर्ज से दांये उत्तर की ओर घुमकर ए.वी.पी. स्कूल के नुक्कड तक समस्त दांयी आबादी। वहां से दायें पूर्व में चलकर पुरानी अनाज मंण्डी में आकर बाये घुमकर दायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुये बालमुकुन्द शर्मा राजोली वालों की दुकान तक आकर, दायें घुमकर पूर्व की ओर चलकर अशोक सर्किल को दाये शामिल कर गंगापुर रोड को क्रोस कर बडाया धर्मशाला तक की समस्त दायी आबादी।	
29	दौसा गंगापुर रोड राजोली चैराये पर होली वाले कुअें से रोड रोड दक्षिण चलते हुये सुलभ कॉम्पलेक्स को शामिल करते हुये कल्याण जी कारीगर के मकान तक बाये पूर्व घुमकर ढंण्ड वालों के कॉम्पलेक्स तक चलकर पुलिया पर चढकर बाये उत्तर की और घुमकर गब्बू बेरवा के मकान को दाये शामिल कर सीधे चलकर पपलाज माता रोड पर चंढकर दायें घूमकर बाये हाथ की आबादी को शामिल करते हुये गोपाल मोर्य की दुकान से बायें घूमकर प्रभू जी मोर्य को बायें शामिल कर राजोली रोड पर आकर पूर्व में बायें घूमकर सीधे चलते चलते राजोली रोड चैराया की समस्त बायी आबादी।	928
30	पानी की टंकी पहाड पहाड चलकर राजोली सीमा पर आकर शमशान रोड पर उतर कर पूर्व की ओर चलकर बायी आबदी राजोली छोडकर दायी आबादी को लेते हुये शीतला माता मन्दिर तक से लल्लू ढोलावत को लेते हुये रामशाला मन्दिर तक चलकर कण्डेरा एवं बसन्ती लाल ढोलावत की गली में होकर पपलाज माता रोड पर उतरकर बाये पूर्व में घुमकर बड के चैराये तक जाकर राजोली रोड की सीमा को छोडते हुये दाये घुमते हुये सीधे दक्षिण चलते हुये बोली वालों की ढाणी, पटेलों की ढाणी दाये लेते हुये बासखोल रोड पर आकर दाये (पश्चिम) घुमकर नाले नाले चलकर दायी आबादी को लेते हुये शम्भू माली फहडा के मकान को दाये लेते हुये बाईपास (राव का कुआं) पपलाज रोड पर आकर बाये घुमकर (पश्चिम) में चलकर दोनों तरफ की आबादी लेकर गोपाल मोर्य की दुकान तक लेते हुये दाये उत्तर में घुमकर राजोली रोड पर आकर समस्त दायी आबादी को लेकर बाये (पश्चिम) घुमकर सीधे सीधे दौसा रोड राजोली चैराये पर आकर समस्त दायी आबादी को लेकर दौसा रोड की तरफ घुमकर पहाड पर पानी की टंकी तक की समस्त दायी आबादी।	940
31	धमक रेवडा पुलिया से बाये घुमकर देवकिशन जी के मकान से बायें (दक्षिण)	804

	घुमकर चलते हुये बिहारी जी के मन्दिर को शामिल कर बायें पूर्व घूम आगे चलकर चौरवालो हवेली को दायें छोडते हुये आगे चलकर कदीर खां के मकान को बायें शामिल कर कलाम के मकान को बायें शामिल कर दायें हाथ पश्चिम में गली में चलकर बाबू लाल जैन के मकान तक चलकर बायें दक्षिण में घूम फीर आगे दायें जैन धर्मशाला से पश्चिम में घूम बड के बालाजी तक समस्त बायी आबादी को लेते हुये रोड क्रोस कर रडबा जी के मकान के पास की गली में बायें दक्षिण में चलकर हनीफ की दुकान को छोडकर बायें पूर्व घूमकर माणक जी के मकान तक चलकर बायी आबादी को लेते हुये बाजार में आकर मालनिया के मन्दिर को बायें शामिल कर दक्षिण दिशा में चलते चलते पुरानी राधारी के सामने डास की दुकान से पुरानी सब्जी मंण्डी में पूर्व की ओर सोनू जोशी, रतन पाटनी एवं समस्त बायी ओर की आबादी को शामिल करते हुये बोली का बाजार में पूर्व घूमकर बस स्टेण्ड पुराने यूको बैंक तक की समस्त बायी आबादी पुराने यूको बैंक से उत्तर की ओर घुमकर धमक रेवडा पुलिया तक की समस्त आबादी शामिल हैं।	
32	दौसा गंगापुर रोड पर कैलाश पिनारा के मकान को लेकर खादी आश्रम से उत्तर चलकर गुर्जर घाटा बस्ती को शामिल कर पहाड पहाड मायला कुआ को शामिल करके उत्तर की और पहाड से उतरकर चलते घाटेश्वर मन्दिर को शामिल कर आगे चलकर खाडल व लाखा से सीधे चलकर चिंरजी जांगिड के मकान को शामिल कर गिरधारी जी के मन्दिर को दाये छोडते हुये मन्दिर के सामने पूर्व की ओर गली में चलकर बायी हाथ की आबादी को शामिल कर लाम्बा पाडा उतरकर दायें हाथ घूमकर दक्षिण में चलकर सुधाकर वैद्य के मकान से बायें घूम पूर्व में चलकर रास्ते रास्ते धमक रेवडा पुलिया पर पहुचकर वहां से उत्तर की ओर मुडकर खादी भण्डार आश्रम तक की समस्त बायी आबादी।	856
33	घाटेश्वर की पहाडी की तरफ तलहटी चलते हुये सेरा के मकान के सामने से उतर कर समस्त बायी आबादी को लेकर सीधे लाडली जी के मकान को छोडते हुये आगे से घूमकर उत्तर में चलते हुये सुभाष ककराला से बायें घुमकर सीधे चलकर गिरधारी जी के मन्दिर को बायें शामिल कर पुरोहित पाडा में आकर सुभाष पुरोहित के मकान को शामिल करते हुये बाये हाथ ही समस्त आबादी को लेते हुये घाटेश्वर के मन्दिर तक समस्त आबादी।	822
34	दौसा रोड पर धमक रेवडा पुलिया से बायें पश्चिम घुमकर देवकिशन जी के मकान तक से बायें दक्षिण की तरफ घुमकर सीधे चलकर दायी आबादी को	840

	शामिल कर बावला का कुआ संजय पाद्या के मकान के सामने बिहारी जी के मन्दिर के कोर्नर से गली में बायें पूर्व में चलकर चैरवाला की हवेली को दायें शामिल कर दायें दक्षिण घुमकर मैनूदीन के मकान से दाये गली में घूमकर अजीत जैन के मकान तक चलकर बायें दक्षिण में घूम जैन समाज धर्मशाला से दाये पश्चिम में घूम बड के बालाजी तक आकर समस्त दायी आबादी को लेते हुये रास्ते को क्रोस कर उपरला पाडा में घुसकर मदन जी त्रिपाठी के मकान को शामिल कर दाये उत्तर में घूमकर चलकर नाईयो के मन्दिर से बायें घुमकर राजू व्यास किसन व्यास के मकानों को शामिल करते हुये आगे शिव बटवाडा के मकान तक चलकर दाये हाथ पूर्व में घूमकर विनोद पाखला की दुकान तक लाम्बा पाडा में आकर समस्त दायी आबादी को लेकर बाये उत्तर घूमकर चलते चलते वहां से दायें मुडकर पूर्व की ओर घुमकर सुधाकर वैद्य के मकान से दायें घूमकर समस्त दायीं आबादी शामिल कर दौसा रोड पर धमक रेवडा पुलिया तक समस्त दायी आबादी।	
35	मोहन पन्चोली के मकान से पश्चिम में चलते हुये लाडली जी के मकान को शामिल करते हुये सीधे पहाड पर जफर के मकान को दाये छोडते हुये समस्त बायी आबादी, वहां से पहाड की शरहद शरहद लामडा की गली लामडा के मकान को शामिल करते हुये पहाड से नीचे उतरकर कूड की गली में होते हुये बाछूका मकान तक समस्त बायी आबादी। वहां से दक्षिण पूर्व की और मुडकर लक्ष्मीनाथ मन्दिर को बाये शामिल कर पूर्व की ओर चलकर अग्रिकाओं के मकान, प्रेम चैधरी के मकान की बायीं आबादी शामिल कर वहां से तहसील की ओर चलकर बायी आबादी को लेते हुये भोला खां के मकान तक वहां से उत्तर चलते हुये मनोहर लाठीवाला के मकान से ओमी कोल्याका के मकान तक वहां से पूर्व मुडकर हनीफ की दुकान के कोने तक की बायी आबादी शामिल कर गली में उत्तर की ओर चलकर मोहन पंचोली के मकान तक की समस्त बायीं आबादी।	1040

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।